9.3.1 सचिवीय लेखा-परीक्षा के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

9.3.2 कंपनी ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा जारी प्रयोज्य / अनिवार्य सचिवीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया है।

10 मानव संसाधन, महिला सशक्तिकरण और कल्याण गतिविधियाँ :

10.1 मानव संसाधन :

10.1.1 प्रचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने को ध्यान में रखते हुए, संगठन की अपेक्षाओं को पूरा करने तथा बदलते औद्योगिक परिदृश्य के साथ ताल से ताल मिलाकर चलने के लिए कठोर और सतत् प्रयास किये जा रहे हैं।

10.1.2 कर्मचारी केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से संगठन में कर्मचारियों को एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में पहचानने पर ध्यान केंद्रित करते हुए पुरानी नीतियों को संशोधित किया गया था। दक्ष मा.सं. पद्धति के निर्माण की दिशा में कई पहल की गई, जिससे कंपनी में पारदर्शिता और प्रभावी संचार प्रणाली में वृद्धि हुई और उचित प्रणाली के माध्यम से समझौता ज्ञापन मापदंडों को ठीक से संबोधित किया गया।

10.1.3 कर्मचारियों से संबंधित किसी भी शिकायत को कम से कम समय में हल करने के लिए शिकायत समिति द्वारा कार्रवाई की जानी है, कर्मचारियों के क्रियात्मक और व्यवहार कौशल को ध्यान में रखते हुए, कर्मचारियों के बीच स्व-शिक्षण को प्रोत्साहन देने और कुशलता वर्धन हेतु विभिन्न स्तर पर विभिन्न मॉड्यूल के तहत प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी थी।

10.1.4 इसके अलावा, कोविद-19 प्रोटोकाल का अनुपालन करके वर्तमान नवोन्मेषी और चुनौतीपूर्ण बाजार को ध्यान में रखते हुए, आपकी कंपनी ने, अधिकारियों और कर्मचारियों को उनसे संबंधित कार्य में आने वाली अद्यतन जानकारी / तकनीकों व परिवर्तनों से जागरूक करने तथा ज्ञान के आधार को बढ़ाने के लिए जिससे कि वे एक टीम के रूप में समग्र संगठनात्मक लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से समुन्नत क्षमता और उत्साह के साथ कार्य कर सकें,आवश्यकता आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था की।

10.2 **नैगम सामाजिक दायित्व :** वर्ष के दौरान नैगम सामाजिक दायित्व पर कंपनी द्वारा उठाये गये विकसित एवं क्रियान्वित नीति के बारे में विस्तृत जानकारी।

10.2.1 कंपनी (नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के अधीन यथा अपेक्षित प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान सीएसआर कोष और इसके उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए सीएसआर पर वार्षिक रिपोर्ट इस प्रतिवेदन के अनुलग्नक में रखा गया है।

11.2.2 कंपनी की सीएसआर नीति कंपनी की वेब साईट https://www.bbjconst.com पर उपलब्ध है।

10.3 महिला सशक्तिकरण :

10.3.1 लैंगिक समानता को महत्व देते हुए कंपनी लगातार आगे बढ़ रही है। वेतन भुगतान, कार्य के घंटे, स्वाश्थ्य, सुरक्षा, कल्याण पहलुओं एवं मातृत्व लाभ, आदि - जैसे मामलों में महिला कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक उपायों /सांविधिक प्रावधानों को लिखित एवं भावना रूप में कंपनी द्वारा पालन किया जा रहा है।

10.4 समाज के कमजोर तबकों का कल्याण :

10.4.1 सांविधिक क्ल्याण सुविधाएँ और इसके तहत बनाए गए श्रम कानून और नियम, सरकारी नीति तथा दिशा-निर्देश के अनुरूप क्रमश: अनु.जा., अनु.ज.जा., अ.पि.वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, एवं नि:शक्तजन के आरक्षण नीति के प्रति कल्याण और सामाजिक न्याय के प्रावधान के अलावा कंपनी द्वारा कर्मचारियों के कल्याणार्थ प्रशासित किए जाते हैं।

10.5 एमएसएमई को प्रोत्साहन / सहायता :

10.5.1 समीक्षाधीन अवधि के लिये प्रिंटिंग, टोनर आदि समेत स्टेशनरी की कुल खरीद में से, अपेक्षित संप्राप्ति एमएसएमई के मार्फत की गयी थी। 45 दिनों से अधिक की एक अवधि हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 के अंत में आपूर्तिकारों को कोई भुगतान शेष नहीं था।

10.5.2 सामान व समर्थन सामाजिक कल्याण संगठनों को चरणबद्ध तरीके से जरूरत के समय उनसे चयनात्मक स्रोतों / सामग्री की सम्प्राप्ति एवं सेवाओं के माध्यम मुहैया करवाए गए थे।

11 अन्य प्रकटीकरण :

11.1 कानूनी अनुपालन

11.1.1 बोर्ड को सूचना समेत एजेंडा नोट के मार्फत नियमित आधार पर सांविधिक और अन्य अनिवार्य कानूनी अनुपालन अवगत कराया जाता है। बोर्ड को उन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी द्वारा उठाये गए सुधारात्मक कार्य और सांविधिक प्राधिकारियों से प्राप्त नोटिस, अगर कोई, से भी अवगत कराया जाता है।

11.2 कार्य स्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (निषेध रोकथाम एवं उपचार) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटीकरण :-

11.2.1 कंपनी के कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (निषेध, रोकथाम एवं उपचार) अधिनियम, 2013 के अधीन आंतरिक शिकायत समिति के गठन के संबंध में प्रावधानों का अनुपालन किया है। आंतरिक शिकायत समिति यौन उत्पीड़न की सभी शिकायतों की छानबीन करने तथा स्पष्ट समय-सीमा सहित निष्पक्ष जांच प्रक्रिया करने में सक्षम है।

11.2.2 कार्य स्थल पर महिला य़ौन उत्पीड़न (निषेध, रोकथाम एवं उपचार) अधिनियम, 2013 के अधीन यथा अपेक्षित मामलों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

(i) वित्त वर्ष के दौरान दायर् शिकायतों का संख्या	शून्य
(ii) वित्त वर्ष के दौरान निपटाएं गये शिकायतों की संख्या	शून्य
(iii) वित्त वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य

11.3 ऋण, गारंटी या निवेश के विवरण :

11.3.1 विवेचनाधीन अवधि के दौरान, कंपनी द्वारा कोई ऋण, गारंटी व निवेश नहीं किया गया था जिसके लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अधीन जिनका अनुमोदन अपेक्षित है। ऋण गारंटी व निवेश वित्तीय विवरण और उसके टिप्पण अंश स्वरूप उसके अधीन आवृत्त किए जाते हैं।

11.4 बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक हेतु आचार संहिता :

11.4.1 आपकी कंपनी में नीतिगत ढांचा अच्छी तरह परिभाषित किया जाता है जिसमें जिम्मेदारी, कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्षता, पारदर्शिता और ईमानदारी सहित कंपनी की व्यवसाय नैतिकता संचालित करने के उद्देश्य के साथ नैतिक पेशेवर आचरण हेतु सभी बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अनुपालन बाबत प्रक्रिया का उल्लेख है। संहिता कंपनी के वेवसाइट www.bbjconst.com /rti/bbj-code-of-conduct.pdf पर उपलब्ध है। सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने समीक्षाधीन अवधि के लिये आचार संहिता का अनुपालन किया है।

11.4.2 डीपीई द्वारा सीपीएसई नैगम प्रशासन पर दिशानिर्देश के अनुरूप आचार संहिता के अनुपालन पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा घोषणा।

आचार संहिता पर घोषणा

डीपीई द्वारा जारी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम 2010, दिनांक14 मई, 2010 के लिए नैगम प्रशासन पर दिशानिर्देश के खंड 3.4.2 के संदर्भ में, मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि सभी बोर्ड के सदस्य और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने वित्त वर्ष 2020-21 हेतु वार्षिक आधार पर कथित दिशानिर्देश के तहत यथा विनिर्दिष्ट आचार संहिता के अनुपालन का पुष्टि की है।

हस्ताक्षर :

(सुन्दर बनर्जी)

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक

डीआईएन: 06862063

11.5 हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

11.5.1 कंपनी में हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु लिए गए उपाय

11.5.2 समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के उचित कार्यान्वयन हेतु अपनी कोशिश जारी रखी है। हिन्दी प्रशिक्षण कक्षाओं के लिए अप्रशिक्षित कर्मचारियों को नामांकित किया गया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीबीजे की अध्यक्षता में आयोजित "राजभाषा कार्यान्वयन समिति" की तिमाही बैठकों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा की गई। हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कंपनी में 08 से 22 सितंबर, 2020 तक "हिंदी पखवाड़ा" आयोजित किया गया और पखवाड़े के दौरान कोविद-19 प्रोटोकॉल दिशानिर्देशों के साथ कर्मचारियों के बीच ऑनलाइन हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा मनाये जाने के लिए अ. एवं प्र.नि. का संदेश जारी किया गया और राजभाषा-हिंदी के प्रचार के एक अंश के रूप में, भारत के विद्वानों और महान लोगों के उद्धरण वाले कुछ बैनर भी कार्यालय परिसर के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए थे। हिन्दी प्रतियोगिता के विजेताओं को समापन समारोह में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

11.5.3 पुरस्कार : दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (बीबीजे), कोलकाता को 2019-20 की अवधि के दौरान कंपनी में राजभाषा कार्यान्वयन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), कोलकाता द्वारा 28.01.2021 को "राजभाषा पुरस्कार शील्ड" से सम्मानित किया गया है और श्री प्रभु दयाल, प्रभारी, राजभाषा को भी कंपनी में राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति समर्पण के लिए "राजभाषा प्रशस्ति फलक" से सम्मानित किया गया।

11.6 वार्षिक रिटर्न का सार

11.6.1 नियम 12, कंपनियों (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के उप-नियम (1) में यह प्रावधान है कि कंपनी को बोर्ड की रिपोर्ट के साथ फॉर्म सं. एमजीटी. 9 में वार्षिक विवरणी की उद्धरण संलग्न करने की आवश्यकता नहीं होगी, अगर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 की उप-धारा (3) के अनुसार बोर्ड की रिपोर्ट में ऐसे वार्षिक रिटर्न के वेब लिंक का खुलासा किया गया है। इस प्रावधान को 28 अगस्त, 2020 को कंपनियों (प्रबंधन और प्रशासन) संशोधन नियम, 2020 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है।

11.6.2 तदनुसार, इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ दायर की गई वार्षिक रिटर्न की वेब लिंक निम्नलिखित वेब लिंक पर उपलब्ध होगी – https://www.bbjconst.com/financial.html. पहले अनुच्छेद में उपर्युक्त प्रावधानों के मद्देनजर, फॉर्म सं. एमजीटी. 9 में 'वार्षिक विवरणी के उद्धरण' समीक्षाधीन अवधि के लिए बोर्ड रिपोर्ट का हिस्सा नहीं है।

11.7 प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान सहायक कंपनियों, एसोसिएट्स और संयुक्त उद्यम कंपनियों तथा कंपनी के समग्र कार्य प्रदर्शन में उनके अवदान पर रिपोर्ट :

11.7.1 भागीरथी ब्रिज निर्माण कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बीबीसीसीपीएल) एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जो बीबीजे और गैमन इंडिया लिमिटेड (जीआईएन) द्वारा प्रोमोट किया गया है। निष्क्रिय के रूप में नामिति निदेशक के पद के बाद बीबीजे द्वारा अपने निदेशक से संबंधित गलती को सुधारने या बीबीसीसीपीएल के गठन हेतु संयुक्त उद्यम करार और आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुसार निदेशकों का फिर से नामांकन करने का अनुरोध किया गया था। अनेक बार अनुस्मारक भिजवाने के बावजूद, जीआईएल द्वारा कोई सुधार या निदेशकों का फिर से नामांकन नही किया गया। इस कारण से निदेशकों या पणधारियों की बैठक के आयोजन में गतिरोध है तबसे कथित बोर्ड मीटिंग या पणधारियों की बैठक आयोजित करने का कोई कोरम नहीं है।

11.7.2 फार्म सं 22 क, सक्रिय उक्त गतिरोध के कारण फाइल नहीं किया जा सका है एवं अतएव, कंपनी की वर्तमान स्थिति निष्क्रिय अननुपालित है।

11.7.3 बीबीसीसीपीएल वस्तुतः एक निष्क्रिय संयुक्त उद्यम कंपनी है, द्वितीय हुगली ब्रिज के निर्माण के उद्देश्य के पूरा होने के पश्चात बाद अपने आधार को खोने के बाद, जिसके लिए इसे शामिल किया गया था। इस समय बीबीसीसीपीएल के रोल पर कोई कर्मचारी नहीं है।

11.8 पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण, ऊर्जा संरक्षण और तकनीकी व विदेश मुद्रा अर्जन और निर्गम

11.8.1 ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रणः

11.8.1.1 विवेचनाधीन वर्ष के दौरान, पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाना जारी रहा। आंतरिक तंत्र के माध्यम, विभिन्न अवस्थानों पर अपने परियोजना स्थलों पर व्यवहृत संयंत्र से कार्बन एवं अन्य गैसों के उत्सर्जन स्तर को प्रबोधित करने के लिए इसकी नीतियों एवं प्रणाली की आवधिक जांच के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण हेतु कदम उठाएं जा रहे हैं।

11.8.1.2 अपने संसाधनों के सीमित उपयोग, विभिन्न स्थलों पर अपनी चालू परियोजनाओं के संपर्क प्रकृति व लघु अवधि सहित उक्त कार्य-स्थलों पर ऊर्जा संरक्षण उपस्कर में पूंजी निवेश के माध्यम वैकल्पिक स्रोतों का व्यवहार इस समय संभव नहीं है। तथापि भविष्य में संभाव्य तरीके में ऊर्जा संरक्षण के वैकल्पिक उपयोग बाबत रास्ते खोजें जाते हैं।

11.8.1.3 विद्युत संरक्षण हेतु बेहतर तकनीकों को अपनाते हुए सभी नई निर्माण परियोजनाओं में ऊर्जा खपत को कम करने पर बल दिया जाता है। इसकी शुरुआत एलसीडी को एलईडी में बदलकर पहले ही की जा चुकी है। इसके अलावा, निष्पादित परियोजनाओं में से अधिकांश ऊर्जा मानकों के अनुरूप है, इनमें व्यवहृत सभी उपस्कर ऊर्जा क्षम है।

11.8.1.4 आपकी कंपनी समुदाय और इसके चतुर्दिक रहने वाले लोगों के लिए पर्यावरण हितैषी है। प्रासंगिक कानूनों के किसी अनुपालन हेतु प्राधिकारी या विनियामकों से कोई कारण बताओ या नोटिस प्राप्त नही हुई थी।

11.8.2 तकनीकी उपयोग :

11.8.2.1 वित्तीय वर्ष 2020-21 की शुरुआत से विगत तीन वर्षों के दौरान कोई आयातित तकनीक कंपनी द्वारा आयातित नहीं की गई थी।

11.8.2.2 नई प्रोद्यौगिकी और उत्पाद के बारे में जागरूकता उसके उपयोग के लिए वरिष्ठ प्रबंधन को बताया जा रहा है। नई और अभिनव प्रोद्यौगिकी पर प्रजेन्टेशन दिए जा रहे हैं। विभिन्न कारकों के कारण पारंपरिक प्रकृति के कार्य, लागत और आकार बाधा आदि अनुसंधान व विकास कार्यकलाप जैसा कार्य वर्तमान में कंपनी द्वारा नहीं लिए जा रहे हैं।

11.8.3 विदेशी मुद्रा आय एवं निर्गम :

11.8.3.1 समीक्षाधीन अवधि के दौरान कोई भी विदेशी मुद्रा आय व निर्गम नहीं हुआ था।

12 कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन यथा विनिर्धारित प्रकटीकरण, समीक्षाधीन अवधि हेतु अप्रयोज्य

क्रम सं	ब्यौरे	मंतव्य
1	सामग्री परिवर्तन और वचनबद्धताएं, अगर कोई, जो कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत के मध्य घटित हुई हैं जिससे वित्तीय विवरण व रिपोर्ट की तिथि संबद्ध है।	शून्य
2)	बोर्ड के अपने कार्य प्रदर्शन तथा उसकी समितियों और व्यक्तिशः निदेशकों को दर्शाने वाला एक बयान	**अप्रयोज्य** बीबीजे एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है जिसमें सरकार का 100 प्रतिशत शेय़र धारण है। इसके अलावा निर्दिष्ट सरकारी कंपनियों को दी गई छूट के कारण ये प्रावधान बीबीजे पर लागू नहीं होता है।
3)	निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक कंपनी की नीति	**अप्रयोज्य** बीबीजे एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है जिसेमें सरकार का 100 प्रतिशत शेय़र धारण है। इसके अलावा निर्दिष्ट सरकारी कंपनियों को दी गई छूट के कारण ये प्रावधान बीबीजे पर लागू नहीं होता है।
4)	वर्ष के दौरान कंपनी की पूंजीगत संरचना में कोई परिवर्तन	शून्य
5)	शेयरों या अन्य परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का जारी	शून्य
6)	कर्मचारी स्टॉक विकल्प या स्वेट इक्विटी शेय़र जारी	शून्य
7)	डिबेंडर बॉण्ड या अन्य अपरिवर्तनीय प्रतिभूतियों का जारी	शून्य
8)	वारंट जारी	शून्य
9)	जमा विवरण	शून्य
10)	निवेशक शिक्षा संरक्षण कोष (आईईपीएफ)	विगत सात वर्षों में इस संबंध में कोई अप्रदत्त लाभांश नहीं है।
11)	व्यवसाय की प्रकृति में परिवर्तन; अगर कोई	शून्य
12)	वर्ष के दौरान कंपनियों के नाम जिनको अपनी सहायक कंपनी, संयुक्त उद्यम या संबंद्ध कंपनी होने से रोका गया है; या हुई हो	शून्य
13)	जमा राशि का विवरण जो अधिनियम के अध्याय V के अंतर्गत आता है	शून्य
14)	जमा राशि का विवरण जो अधिनियम के अध्याय V की आवश्यकताओं के अनुपालन में नहीं है	शून्य

क्रम सं	ब्यौरे	मंतव्य
15)	विनियामक या अदालतों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण और भौतिक आदेश का विवरण जो भविष्य में कंपनी के प्रचालन और चिंता की स्थिति को प्रभावित करते हैं।	शून्य

अभिस्वीकृति

आपके निदेशकों ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेष कर भारी उद्योग मंत्रालय, भारतीय रेलवे, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट, रेल विकास निगम लि. इरकॉन तथा पश्चिम बंगाल सरकार, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, तथा अन्य बैंकों को उनके निरंतर समर्थन, सहयोग व मूल्यवान सहायता के लिए अपनी कृतज्ञता और ईमानदारी से धन्यवाद ज्ञापित करने की इच्छा व्यक्त की है।

आपके निदेशक आपकी कंपनी के प्रर्दशन को बेहतर बनाने में सभी कर्मचारियों के सहयोग और प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हैं। उनका लगातार समर्थन प्राप्त होता रहा है तथा आपकी कंपनी की चल रही सफलता और राष्ट्रीय स्तर पर ब्रिज निर्माण उद्योग में इसके प्रमुख स्थान को बनाए रखने में निरंतर तत्पर रहेगा।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

(सुंदर बनर्जी)

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक

डीआईएन: 06862063

दिनांक: 28 सितम्बर, 2021

कोलकाता

निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक

निगमित अभिशासन पर प्रतिवेदन

यह प्रतिवेदन भारत सरकार, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के निमित्त निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों केअनुसार है।

निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों पर कंपनी का दर्शन	**कंपनी के दृष्टिकोण से निगमित अभिशासन का लक्ष्य शेयरधारकों के दीर्घकालीन शेयर मूल्य और कंपनी की संपत्ति पैदा करने की क्षमता को निम्नलिखित कार्यों के जरिए बढ़ाना :** ● वरिष्ठ प्रबंधन को विवेकशील व्यवसायिक निर्णय एवं दूरदर्शी वित्तीय प्रबंधन ग्रहण करने में सहायता करना ● कंपनी के सभी निर्णयों और कार्यों में पारदर्शिता और पेशेवर गुणों को प्राप्त करना ● प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन ● निगमित अभिशासन में श्रेष्ठता निम्ल के जरिए प्राप्त करना :- ◆ निगमित अभिशासन पर प्रचलित दिशानिर्देशों के अनुरूप, जहां संभव है उत्कृष्ट बनाना ◆ व्यवसाय संचालन को उच्च नैतिक मानक पर स्थापित करके कानून एवं नियमों का पालन करना ◆ वर्तमान प्रणाली की आवधिक समीक्षा और नियंत्रण करते हुए उसका सुधार करना
निदेशक मंडल	**कंपनी के निदेशक मंडल में सभी निदेशकों को भारत सरकार, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग द्वारा भारत के राष्ट्रपति जी की ओर से नियुक्त किया जाता है।** **31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल का विवरण नीचे दिया गया है :**
निदेशक मंडल का गठन	

निदेशकों के डीआईएन	नाम	श्रेणी
6862063	श्री सुंदर बनर्जी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक – कार्यात्मक निदेशक
08360278	श्री रमाकांत सिंह	निदेशक –भारी उद्योग विभाग (सरकारी नॉमिनी निदेशक)
08432581	श्री अर्नब चटर्जी (भाउवि के सरकारी आदेश की शर्तों के अनुसार 24.04.2019 से प्रभावी श्री अर्नब चटर्जी की नियुक्ति की गई थी।)	निदेशक (तकनीकी) – कार्यात्मक निदेशक
08778135	श्री मुकेश कुमार	निदेशक (वित्त) – कार्यात्मक निदेशक

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 31 मार्च, 2021 के बाद से इस प्रतिवेदन की तारीख तक निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं :

	1	श्री रितेद्र कुमार मित्रा (डीआईएन-2616837) भारी उद्योग विभाग (भाउिवि) के आदेश संदर्भ सं.12(08)/2016-पीई-III, दिनांक 29.09.2017 की शर्तों के अनुसार 30.6.2020 को सेवानिवृत्त हो जाने पर दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया।
	2	श्री मुकेश कुमार (डीआईएन-08778135) भारी उद्योग विभाग (भाउिवि) के आदेश संदर्भ सं.12(05)/2018-पीई-III, दिनांक 26.05.2020 की शर्तों के अनुसार 01.7.2020 से प्रभावी दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के तौर पर पदभार ग्रहण किया।
	3	तत्कालीन भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) अब भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के आदेश संदर्भ संख्या 8(15)/2004.पीई.III (खंड III), दिनांक 11.11.2020 के संदर्भ में श्री सुनील कुमार सिंह (डीआईएन-8043768) 11.11.2020 से प्रभावी दि ब्रेथवेट बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के सरकारी नॉमिनी निदेशक नहीं रहे।
	4	तत्कालीन भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) अब भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के आदेश संदर्भ संख्या 8(15)/2004.पीई.III (खंड III), दिनांक 11.11.2020 के संदर्भ में श्री रमाकांत सिंह (डीआईएन-08360278) 11.11.2020 से प्रभावी दि ब्रेथवेट बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के सरकारी नॉमिनी निदेशक के तौर पर नियुक्त हुए। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के आदेश संदर्भ संख्या 8(15)/2004. पीई.III (खंड III), दिनांक 18.06.2021 के संदर्भ में श्री रमाकांत सिंह (डीआईएन-08360278) 18.06.2021 से प्रभावी दि ब्रेथवेट बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के सरकारी नॉमिनी निदेशक नहीं रहे।
	5	तत्कालीन भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) अब भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के आदेश संदर्भ संख्या 8(15)/2004.पीई.III (खंड III), दिनांक 18.06.2021 के संदर्भ में श्री आदित्य कुमार घोष (डीआईएन-09222808) 01.07.2021 से प्रभावी दि ब्रेथवेट बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के सरकारी नॉमिनी निदेशक के तौर पर नियुक्त हुए।

श्रीमती बेला बनर्जी तथा श्री तापस चटर्जी के कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों के तौर पर न रहने की वजह से कंपनी के निदेशक मंडल में दो अंश कालिक गैर सरकारी निदेशकों के रिक्त स्थान भरे जाने के लिए भारी उद्योग विभाग से सरकारी आदेश की प्रतीक्षा है। एमएचआई द्वारा सरकारी आदेश के संदर्भ में, कंपनी में स्वतंत्र निदेशक का पद श्रीमती बेला बनर्जी और श्री तापस कुमार चटर्जी के पास 02.06.2019 तक था।

आयोजित बैठकें (निदेशक मंडल एवं लेखा परीक्षा समिति)

	बैठक संख्या तथा बैठक की तारीख	**निदेशकों / सदस्यों की उपस्थिति**
वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आयोजित निदेशक मंडल की बैठकें	148वीं बोर्ड बैठक - 20.06.2020 को	सभी उपस्थित
	149वीं बोर्ड बैठक - 09.09.2020 को	सभी उपस्थित
	150वीं बोर्ड बैठक - 17.10.2020 को	सभी उपस्थित
	151वीं बोर्ड बैठक - 13.01.2021 को	सभी उपस्थित

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आयोजित लेखा परीक्षा समिति की बैठकें	53वीं बैठक - 20.06.2020 को	सभी उपस्थित
	56वीं बैठक - 30.09.2020 को	सभी उपस्थित
	57वीं बैठक - 17.10.2020 को	सभी उपस्थित
	58वीं बैठक - 13.01.2021 को	सभी उपस्थित

	भाउवि द्वारा जारी सरकारी आदेश की शर्तों के मुताबिक श्रीमती बेला बनर्जी एवं श्री तापस कुमार चटर्जी 02.06.2019 तक कंपनी के स्वतंत्र निदेशक बने रहें। स्वतंत्र निदेशकों की अवधि की समाप्ति पर, तीन समितियां यथा – लेखा परीक्षा समिति, सीएसआर समिति, पारिश्रमिक समिति को भाउवि द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने तक तदर्थ आधार पर समय समय पर से इस उद्धेश्य पुनर्गठित की गयी कि मध्यवर्ती अवधि के दौरान यथापेक्षित निदेशक मंडल की स्वीकृति हेतु सिफारिश करने का अत्यावश्यक/ महत्वपूर्ण निर्णय ले सके। सरकारी नॉमिनी निदेशक इन सभी समितियों के अध्यक्ष होते हैं एवं अन्य दो सदस्य बीबीजे के निदेशक (वित्त) और निदेशक (तकनीकी) होते हैं।
लेखा परीक्षा समिति	**भूमिका और विचारार्थ विषय :** ● सार्वजनिक उद्यमों पर निगमित अभिशासन के दिशा-निर्देशों के पैरा 4.2 के एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-177 के अधीन उल्लिखित विशिष्ट मामलें देखना। ● प्रबंधन, सांविधिक एवं आंतरिक लेखा परीक्षकों तथा निदेशक मंडल के मध्य संपर्क के रूप में कार्य करना। ● वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली एवं जोखिम संबंधित मामलों का आकलन करना।
गठन, बोर्ड बैठकें एवं उपस्थिति	

निदेशकों के नाम	वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बोर्ड बैठकों की उपस्थिति	
श्री सुंदर बनर्जी	04 बैठकें आयोजित	04 में उपस्थित
श्री रितेंद्र कुमार मित्रा	01 बैठक आयोजित	01 में उपस्थित
श्री सुनील कुमार सिंह	03 बैठकें आयोजित	03 में उपस्थित
श्री अर्नब चटर्जी	04 बैठकें आयोजित	04 में उपस्थित
श्री रमा कांत सिंह	01 बैठक आयोजित	01 में उपस्थित
श्री मुकेश कुमार	03 बैठकें आयोजित	03 में उपस्थित

गठन, लेखा परीक्षा समिति की बैठकें एवं उपस्थिति

निदेशकों के नाम	वित्तीय वर्ष 2020 – 21 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की बैठकों की उपस्थिति	
श्री सुनील कुमार सिंह	03 बैठकें आयोजित	03 में उपस्थित
श्री रितेंद्र कुमार मित्रा	01 बैठक आयोजित	01 में उपस्थित
श्री अर्नब चटर्जी	04 बैठकें आयोजित	04 में उपस्थित
श्री रमा कांत सिंह	01 बैठक आयोजित	01 में उपस्थित
श्री मुकेश कुमार	03 बैठकें आयोजित	03 में उपस्थित

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति द्वारा की वित्तीय वर्ष 2020-21 में सभी सिफारिशें, जो अनिवार्य थे, उन्हें निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत कर ली गयी थी।

कार्यकाल पूरा हो जाने पर स्वतंत्र निदेशकों के न रहने पर भाउवि से स्वतंत्र निदेशकों का नया नामांकन प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए, वि.व. 2020-21 के दौरान स्वंतत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में लेखा परीक्षा की बैठकों की अध्यक्षता सरकारी नॉमिनी निदेशक द्वारा की गयी।

<table>
<tr><td>स्वतंत्र निदेशकगण</td><td>सरकारी आदेशों से स्वतंत्र निदेशकों, जिन्हें संबंधित क्षेत्र/ पेशे में विशेषशज्ञता प्राप्त है, की नियुक्ति की जाती है। स्वतंत्र निदेशकों का प्रोमोटरों से न संपर्क है और न ही संबंध है और कंपनी से किसी आर्थिक संबंध भी नहीं है तथा आगे कंपनी की कुल मत देने की क्षमता से दो प्रतिशत या अधिक धारित नहीं करती है।

कंपनी में वि. व. 2020-21 में स्वतंत्र निदेशक के पद रिक्त रहने से स्वतंत्र निदेशक से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के अधीन यथापेक्षित स्वतंत्र निदेशक की विशिष्टता पूर्ण करने की घोषणा प्रयोज्य नहीं है।

स्वतंत्र निदेशकों के लिए शुल्क की राशि निदेशक मंडल द्वारा तय किया जाता है एवं जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन विहित सीमा के अंदर है।</td></tr>
<tr><td>आचार संहिता</td><td>निदेशक मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन की आचार संहिता का प्रारूप यथावर्णित, क्रियान्वित कर दी गयी है।

केंद्रीय लोक उपक्रमों 2010 के लिए निगमित अभिशासन पर लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई दिशानिर्देशों के खंड 3.4.2 की शर्तों के अनुसार अध्यक्ष एवं प्र. नि. द्वारा इस आशय की घोषणा कि निदेशक मंडल के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक आधार पर कोड के अनुपालन की पुष्टि की है जिसे निदेशकों के प्रतिवेदन के अधीन दी गई है।</td></tr>
<tr><td>साधारण निकाय की बैठक

पिछले तीन वर्षों की वार्षिक साधारण बैठकों (वा.सा.वै.) की विवरणी</td><td>
<table>
<tr><th>वित्तीय वर्ष</th><th>बैठक संख्या एवं तारीख</th><th>समय एवं स्थान</th><th>विशेष संकल्प</th></tr>
<tr><td>2017-2018</td><td>32वीं वा.सा.वै.
25 सितंबर, 2018</td><td>15.00 बजे, एच एच आई, 234/1, एजेसी बोस रोड, कोलकाता-700020</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>2018-2019</td><td>33वीं वा.सा.वै.
30 सितंबर, 2019</td><td>15.00 बजे, एच एच आई, 234/1, एजे सी बोस रोड, कोलकाता-700020</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>2019-2020</td><td>34वीं वा.सा.वै.
17 अक्तूबर, 2020</td><td>12:00 बजे (दोपहर), कंपनी की पंजीकृत कार्यालय, 27, आर.एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001</td><td>शून्य</td></tr>
</table>
सभी वा.सा. बै. कंपनी अधिनियम के अधीन विहित समय सीमा के अंदर आयोजित की गयी था। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 96(1) के अनुसार 31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वार्षिक साधारण बैठक की नियत तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए सामान्य विस्तार दिया गया था। इस प्रकार, 34वीं वा.सा.बै. 17.10.2020 को थी, जो कि कंपनी पंजीयक (आरओसी) को की जाने वाली उक्त 34वीं वा.सा.बै. को आयोजित करने के लिए समय के विस्तार हेतु आवेदन की आवश्यकता के बिना थी।</td></tr>
<tr><td>वार्षिक साधारण बैठक – 2021</td><td>कंपनी के सदस्यों की 35 वीं वार्षिक साधारण बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित अवधि में, यानी सितंबर, 2021 माह के अंदर आयोजन करना है।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>अन्य प्रकटीकरण</td><td>
<table>
<tr><td>निदेशकों या उनके सगे संबंधियों के साथ लेन-देन जिसमें कंपनी के स्वार्थ में विवाद की संभावना है।</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>संबद्ध पार्टी से लेन-देन करना।</td><td>31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लेखा के साथ संलग्न द्रष्टव्य में बतायी गयी है।</td></tr>
<tr><td>कंपनी की तरफ से अनुपालन न करना या इसके ऊपर लगाए गए प्रतिबंधों</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>व्हिसिल ब्लोअर नीति एवं पुष्टि की किसी भी कार्मिक को लेखा परीक्षा समिति तक पहुँचने में बाधा नहीं दी गयी है।</td><td>यह पुष्टि की जाती है कि किसी को भी लेखा परीक्षा समिति तक पहुँचने से रोका नहीं गया है।</td></tr>
<tr><td>इन दिशानिर्देशों के अनुपालन करने की आवश्यकताओं के विवरण</td><td>अनुपालन किया।
इस समय स्वतंत्र निदेशकों के पद 03.06.2016 से रिक्त हैं। भाउवि से नये स्व.नि. की नियुक्ति आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है।</td></tr>
<tr><td>इस साल और पिछले तीन सालों के दौरान केंद्रीय सरकार द्वारा जारी की गयी राष्ट्रपति के निदेशों का विवरण और उसका अनुपालन।</td><td>अनुपालन के लिए कोई निर्देश लंबित नहीं है।</td></tr>
<tr><td>लेखों में दिखाई गई खर्चे की मदें जो व्यवसाय के लिए नहीं थे।</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>निदेशक मंडल और शीर्षस्थ प्रबंधन के व्यक्तिगत खर्च के लिए किया गया व्यय।</td><td>शून्य</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>संप्रेषण के साधन</td><td>अनलिस्टेट सरकारी कंपनी होने से त्रैमासिक नतीजा किसी भी अखबार में प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं है।
कंपनी की वेबसाइट पर वार्षिक लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम दिखाये गये हैं।
पत्राचार का पता – दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, 27, राजेन्द्र नाथ मुखर्जी रोड, कोलकाता-700 001
वेबसाइट : www.bbjconst.com
ई-मेल : info@bbjconst.com
दूरभाष : 91 33 2248 5841-44 (ई पी वी एक्स)
91 33 2210 3961 (फैक्स)</td></tr>
<tr><td>लेखा परीक्षा के क्वालिफिकेशन्स</td><td>कंपनी का प्रयास है कि अनक्वालिफाईड वित्तीय विवरणों की दिशा में कंपनी कदम उठाये। कोई क्वालिफाईड होने पर उसके समर्थन में पर्याप्त व्याख्या दी गयी है, अन्यथा प्रबंधन के उत्तर के जरिये क्वालिफिकेशन को समर्थन दिया गया है।
वित्तीय वर्ष 2020-21 के वार्षिक लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण पर सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में टिप्पणियों को लेखा पर टिप्पणियों में पर्याप्त रूप से समझाया गया है। इस वार्षिक प्रतिवेदन के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण खंड में सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ लेखापरीक्षकों के अवलोकन पर प्रबंधन का उत्तर भी रखा गया है।</td></tr>
<tr><td>प्रशिक्षण</td><td>बोर्ड द्वारा निदेशक मंडल के सदस्यों को प्रशिक्षण के लिए नीति अनुमोदित की गयी है और कंपनी द्वारा इसका अनुसरण किया जाता है।</td></tr>
<tr><td>निगमित अभिशासन लेखा परीक्षा</td><td>निगमित अभिशासन पर सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है तथा निदेशकों के प्रतिवेदन के साथ संलग्न किया गया है।</td></tr>
</table>

कॉरपोरेट गवर्नेंश पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र

सेवा में
सदस्यगण,
दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
27, आर.एन. मुखर्जी रोड,
कोलकाता-700001

हमने भारत सरकार, भारी एवं लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग एवं उसके अनुलग्नकों (यहां तत्पश्चात "मार्गनिर्देशों" के रूप में संदर्भित) द्वारा जारी किए गए केंद्रीय लोक उद्यमों (सीपीएसई) 2010 के लिए कॉरपोरेट गवर्नेंश पर दिशानिर्देशों के खंड 8.2.1 में बताये अनुसार 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (इसके बाद "कंपनी " के रूप में संदर्भित) द्वारा कॉरपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन की शर्तों की जांच की है।

कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारी जांच, कंपनी द्वारा स्वीकृत किए गए दिशा-निर्देशों में बताएं कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन सुनिश्चित करने के तरीके की पुनरीक्षा एवं उसके कार्यान्वयन तक ही सीमित थी। यह ना तो लेखा परीक्षा है और ना ही कंपनी के वित्तीय विवरणों पर विचार की अभिव्यक्ति है।

हमारी राय में एवं हमारी जानकारी एवं हमें दी गई स्पष्टीकरणों के मुताबिक, हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने विहित दिशानिर्देशों का वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कॉरपोरेट गवर्नेंस शर्तों का अनुपालन की है।

हमें आगे यह कहना है कि ऐसा अनुपालन कंपनी की भविष्य की जीवनक्षम के बारे में न कोई आश्वासन है, न ही कंपनी के मामलों में प्रबंधन द्वारा संचालित कार्यक्षमता या प्रभावोत्पादकता है।

कृते **एआरएसके एसोसिएट्स**
सनदी लेखाकार
पंजीकरण संख्या 315082ई

सीए, रविन्द्र खण्डेलवाल
भागीदार
(सदस्य संख्या 054615)
यूडीआईएन : 21054615एएएएईएन5962

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 18.08.2021

निदेशकों की रिपोर्ट का संलग्नक

1 अप्रैल, 2020 को या उसके बाद शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल की जाने वाली सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट का फार्मेट।

[कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के नियम 8 के तहत निर्धारित संलग्नक-II]

1. कंपनी की सीएसआर नीति पर संक्षिप्त रूपरेखा

   कंपनी के दृष्टिकोण के अनुरूप, बीबीजे ने अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से, पहली बार सितंबर, 2020 को आयोजित बोर्ड बैठक में सीएसआर नीति को मंजूरी दी और उसके बाद समय-समय पर किए गए गतिशील परिवर्तनों के साथ तालमेल रखने के लिए बाद में संशोधन किए। कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत सीएसआर से संबंधित मामले, इसके तहत बनाए गए नियमों के साथ, विभिन्न क्षेत्रों को संबोधित करते हुए, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं :

   - सीएसआर परियोजना की योजना
   - बेस लाइन सर्वेक्षण
   - क्रियान्वयन प्रक्रिया
   - कार्यपालक अभिकरण हेतु निधियन, प्रबोधन और योग्यता मानदण्ड,
   - कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत अधिसूचित निधि में योगदान सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य आदि के क्षेत्रों में।

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत निर्धारित दिशानिर्देशों के साथ पठित सार्वजनिक उद्यम विभाग के सीएसआर दिशानिर्देशों का अनुपालन किया गया है।

2. सीएसआर समिति का गठन :

   वार्षिक रिपोर्ट की तिथि पर, सीएसआर समिति की संरचना निम्नानुसार है :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम / निदेशक पद की प्रकृति
1	श्री आदित्य कुमार घोष	सरकारी नॉमिनी निदेशक, अध्यक्ष
2	श्री अर्णब चटर्जी	निदेशक (तकनीकी) - सदस्य
3	श्री मुकेश कुमार	निदेशक (वित्त) - सदस्य

वर्ष के दौरान आयोजित सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या : वित्तीय वर्ष 2020-21 में 2 (दो) सीएसआर समिति की बैठकें आयोजित की गईं।

वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या में भाग लिया : सीएसआर समिति की बैठक में उपस्थिति नीचे दी गई है :

क) 20.06.2020 को आयोजित सीएसआर समिति की बैठक में निम्नानुसार भाग लिया गया :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम / निदेशक पद की प्रकृति
1	श्री एस. के. सिंह	सरकारी नॉमिनी निदेशक, अध्यक्ष
2	श्री आर. के. मित्रा	निदेशक (वित्त) - सदस्य
3	श्री अर्णब चटर्जी	निदेशक (तकनीकी) - सदस्य

ख) 09.09.2020 को आयोजित सीएसआर समिति की बैठक में निम्नानुसार भाग लिया गया :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पदनाम / निदेशक पद की प्रकृति
1	श्री एस. के. सिंह	सरकारी नॉमिनी निदेशक, अध्यक्ष
2	श्री अर्णब चटर्जी	निदेशक (तकनीकी) - सदस्य
3	श्री मुकेश कुमार	निदेशक (वित्त) - सदस्य

3. वेब-लिंक प्रदान करें जहां कंपनी की वेबसाइट पर सीएसआर समिति की संरचना, सीएसआर नीति और बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाओं का खुलासा किया गया है:
   - वेब-लिंक://bbjconst.com/rti.html

4. कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के उप-नियम 8 के अनुसरण में किए गए सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन का विवरण प्रदान करें, यदि लागू हो (रिपोर्ट संलग्न करें)।.
   - लागू नहीं।

5. कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के नियम 8 के उप-नियम (3) के अनुसरण में सेट-ऑफ के लिए उपलब्ध राशि का विवरण और वित्तीय वर्ष के लिए सेट-ऑफ के लिए आवश्यक राशि, यदि कोई हो।
   - लागू नहीं।

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	पिछले वित्तीय वर्षों से सेट-ऑफ के लिए उपलब्ध राशि (रुपये में)	वित्तीय वर्षों के लिए सेट-ऑफ के लिए आवश्यक राशि (रुपये में)
लागू नहीं।			

6. धारा 135(5) के अनुसार कंपनी का औसत शुद्ध लाभ।
   - शून्य - चूंकि ठीक पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष यानी 2019-20 में कंपनी का शुद्ध लाभ 05.00 करोड़ रुपये से कम था, इसलिए यह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 (1) के दायरे में नहीं आता है और कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के साथ पढ़ा जाता है, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए सीएसआर फंड को शून्य के रूप में चित्रित करता है।

7. (क) धारा 135 (5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत।
   (ख) पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष।
   (ग) वित्तीय वर्ष के लिए आवश्यक राशि, यदि कोई हो।
   (घ) वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर दायित्व (7 क + 7 ख – 7 ग)।
   - उपरोक्त बिंदु 6 के मद्देनजर उत्पन्न नहीं होता है।

8. (क) वित्तीय वर्ष के लिए हुए व्यय या अव्ययित सीएसआर राशि :

वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि (रुपये में)	अव्ययित राशि				
	धारा 135(6) के अनुसार अव्ययित सी-एसआर खाते में हस्तांतरित कुल राशि		धारा 135(5) के दूसरे प्रावधान के अनुसार अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी फंड को हस्तांतरित राशि		
	राशि	अंतरण की तिथि	निधि का नाम	राशि	अंतरण की तिथि
28.87 लाख *	लागू नहीं		लागू नहीं		

* वित्तीय वर्ष 2018-19 से 28.87 लाख रुपये की राशि (अव्ययित सीएसआर फंड में हस्तांतरित राशि) को आगे बढ़ाया गया है और वित्त वर्ष 2020-21 में प्रधान मंत्री नागरिक सहायता और राहत के आपातकालीन स्थिति कोष (पीएम केयर्स फंड) में योगदान दिया गया है।

(ख) वित्तीय वर्ष के लिए चल रही परियोजनाओं के खिलाफ खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण :

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)		(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	
क्रम सं.	परियोजना का नाम	अधिनियम की अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से मद	स्थानीय क्षेत्र (हाँ / नहीं)	स्थानीय क्षेत्र (हाँ / नहीं)		परियोजना की अवधि	परियोजना के लिए आवंटित राशि (रुपये में)	चालू वित्तीय वर्ष में व्यय की गयी राशि (रुपये में)	धारा 135(6) के अनुसार परियोजना के लिए अव्ययित सीएसआर खाते में हस्तांतरित कुल राशि (रुपये में)	कार्यान्वयन का तरीका - प्रत्यक्ष (हां / नहीं)	कार्यान्वयन का तरीका - कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से	
				राज्य	जिला						नाम	सीएसआर पंजीकरण संख्या
1.	प्रधान मंत्री नागरिक सहायता और राहत के आपातकालीन स्थिति कोष में योगदान	**निवारक स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता और आपदा प्रबंधन सहित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना**	लागू नहीं	लागू नहीं		लागू नहीं	**28.87 लाख**	28.87 लाख	लागू नहीं	प्रत्यक्ष	लागू नहीं	लागू नहीं

(ग) वित्तीय वर्ष के लिए चल रही परियोजनाओं के अलावा खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण :

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)		(6)	(7)	(8)	
क्रम सं.	परियोजना का नाम	अधिनियम की अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से मद	स्थानीय क्षेत्र (हाँ / नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना के लिए आवंटित राशि (रुपये में)	कार्यान्वयन का तरीका - प्रत्यक्ष (हां / नहीं)	कार्यान्वयन का तरीका - कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से	
				राज्य	जिला			नाम	सीएसआर पंजीकरण संख्या
लागू नहीं									

(घ) प्रशासनिक उपरिव्यय में खर्च की गई राशि - शून्य।

(ड.) प्रभाव आकलन पर खर्च की गई राशि, यदि लागू हो - लागू नहीं।

(च) वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि (8ख + 8ग + 8घ + 8 ड.) - शून्य।

(छ) सेट ऑफ के लिए अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो - लागू नहीं

क्रम सं.	विवरण	राशि (रुपये में)
(i)	धारा 135(5) के मुताबिक कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत	शून्य - चूंकि ठीक पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष यानी 2019-20 में कंपनी का शुद्ध लाभ 05.00 करोड़ रुपये से कम था, इसलिए यह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 (1) के दायरे में नहीं आता है और कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के साथ पढ़ा जाता है, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए सीएसआर फंड को शून्य के रूप में चित्रित करता है।
(ii)	वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि *	28.87 लाख
(iii)	वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई अतिरिक्त राशि [(ii) - (i)]	लागू नहीं
(iv)	सीएसआर परियोजनाओं या पिछले वित्तीय वर्षों के कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष, यदि कोई हो	लागू नहीं
(v)	बाद के वित्तीय वर्षों में सेटऑफ़ के लिए उपलब्ध राशि [(iii) - (iv)]	लागू नहीं

* 28.87 लाख रुपये की राशि को वित्तीय वर्ष 2018-19 (अव्ययित सीएसआर फंड में स्थानांतरित राशि) से आगे बढ़ाया गया है और वित्त वर्ष 2020-21 में प्रधान मंत्री नागरिक सहायता और राहत के लिए आपातकालीन स्थिति कोष (पीएम केयर्स फंड) में योगदान दिया गया है।

9. (क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए अव्ययित सीएसआर राशि का विवरण :

क्रम सं.	पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष	धारा 135(6) के अनुसार अव्ययित सीएसआर खाते में हस्तांतरित कुल राशि (रुपये में)	रिपोर्टिंग वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (रुपये में)	धारा 135(5) के अनुसार अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी फंड को हस्तांतरित राशि			आगामी वित्तीय वर्षों में व्यय की जाने वाली शेष राशि (रुपये में)
				निधि का नाम	राशि (रुपये में)	अंतरण की तिथि	
1.	2018-19	42.28 लाख	50.00 लाख	**लागू नहीं**			**42.28 लाख**
2.	**2019-20**	**28.87 लाख**	**13.41 लाख**	**लागू नहीं**			**28.87 लाख**
3.	**2020-21**	**शून्य**	**28.87 लाख**	**लागू नहीं**			**शून्य**
	कुल	**71.15 लाख**	**92.28 लाख**				**शून्य**

(ख) पिछले वित्तीय वर्ष (वर्षों) की चल रही परियोजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष में खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण :

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
क्रम सं.	परियोजना आईडी	परियोजना का नाम	वित्तीय वर्ष जिसमें परियोजना शुरू की गई थी	परियोजना की अवधि	परियोजना कुल राशि (रुपये में)	रिपोर्टिंग वित्तीय वर्ष में परियोजना पर खर्च की गई राशि (रुपये में)	रिपोर्टिंग वित्तीय वर्ष के अंत में खर्च की गई संचयी राशि (रुपये में)	परियोजना की स्थिति - पूर्ण / जारी
लागू नहीं								

10. पूंजीगत संपत्ति के निर्माण या अधिग्रहण के मामले में, वित्तीय वर्ष में खर्च किए गए सीएसआर के माध्यम से इस प्रकार बनाई या अर्जित की गई संपत्ति से संबंधित विवरण प्रस्तुत करें (संपत्ति-वार विवरण) - शून्य

(क) पूंजीगत संपत्ति (संपत्तियों) के निर्माण या अधिग्रहण की तिथि - शून्य

(ख) पूंजीगत संपत्ति के निर्माण या अधिग्रहण के लिए खर्च की गई सीएसआर की राशि - शून्य

(ग) इकाई या सार्वजनिक प्राधिकरण या लाभार्थी का विवरण जिनके नाम पर ऐसी पूंजीगत संपत्ति पंजीकृत है, उनका पता आदि - शून्य

(घ) सृजित या अर्जित (पूंजीगत संपत्ति का पूरा पता और स्थान सहित) पूंजीगत संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण प्रदान करें - शून्य

11. कारण निर्दिष्ट करें, यदि कंपनी धारा 135(5) के अनुसार औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है।

- उपरोक्त बिंदु 6 के मद्देनजर लागू नहीं।

हस्ताक्षर : _____ह./___	हस्ताक्षर : _____ह./___
(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)	(अध्यक्ष, सीएसआर समिति)

दिनांक : 28.09.2021

लेखा परीक्षा के अवलोकन पर प्रबंधन का अचर

क्रम सं.	लेखा परीक्षा अवलोकन	प्रबंधन का उत्तर
	योग्य राय	
1	कंपनी की एक सहायक कंपनी भारत प्रोसेस एण्ड मेकेनिकल इंजीनियर्स लिमिटेड ('बीपीएमईएल') में प्रतिवेदन की तिथि को कंपनी द्वारा किये गये 486.30 लाख रु.(विगत वर्ष 486.30 लाख रु.) के निवेश के बारे में टिप्पणी संख्या 4 और 5932.96 लाख रु.(विगत वर्ष 5932.96 लाख रु.) ऋण के बारे में टिप्पणी संख्या 6 एवं उस पर प्राप्य / उपचित ब्याज की राशि है । यद्यपि बीपीएमईएल परिसमापन के अधीन है लेकिन प्रबंधन के आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित ऐसे निवेश ऋण और कथित ब्याज पर प्राप्य / उपचित ब्याज को लागत पर लिया गया है । तदनुसार, निवेशों के मूल्य में कमी तथा ऋणों और यथा पूर्व कथित प्राप्य / उपचित ब्याज हेतु हानि भत्ता हेतु कोई मूल्यांकन एवं तत्पश्चात प्रावधान 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है ।	सहायक कंपनियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यम के इक्विटी इन्सट्रूमेंट में दीर्घकालिक निवेश महत्वपूर्ण लेखा नीतियों पैरा - 17(I)(5) के अनुपालन में कंपनी द्वारा लगातार अपनाई जाने वाली प्रथा के अनुसार लागत पर किया जाता है । कंपनी ने भारत सरकार द्वारा विशिष्ट सहायक कंपनियों के लिए जारी इक्विटी (योजना) निधि से सहायक कंपनियों में सममूल्य पर इन्सट्रूमेंट निवेश की । सहायक कंपनियों के लिए भारत सरकार का ऋण निधि संबंधित सहायक कंपनियों को योजना और गैर-योजना ऋण का संवितरण कंपनी के माध्यम से किया जाता है। ऐसे निवेशों के वसूली योग्य मूल्य में किसी अंतर के मामले में, कंपनी भारत सरकार के अनुमोदन से आवश्यक समायोजन पारित करेगी । इस तरह के ऋण और ब्याज की गैर-वसूली की किसी भी स्थिति के मामले में सहायक कंपनी को संवितरित स्वीकृत ऋण को भारत सरकार के उचित निर्देशों के तहत कंपनी की पुस्तक में भारत सरकार को देय ऋण और ब्याज की समान राशि के साथ समायोजित किया जाएगा । इसलिए, इसका कंपनी के बहीखातों में कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा ।
2	जेसप एण्ड कंपनी लिमिटेड ('जेसीएल') में प्रतिवेदन तिथि को कंपनी द्वारा किए गए 25558.01 लाख रु. (विगत वर्ष 25558.01 लाख रु.) के निवेश के संबंध में टिप्पणी संख्या 4 है । यद्यपि जेसीएल परिसमापन के अधीन है लेकिन प्रबंधन के आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित है एवं ऐसे निवेश को लागत पर लिया गया है । तदनुसार, निवेशों के मूल्य में कमी हेतु कोई प्रावधान 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है ।	जेसप एंड कंपनी लिमिटेड बीबीजे (पूर्ववर्ती बीबीयूएनएल) की सहायक कंपनी थी और भारत सरकार के निर्देश पर जेसीएल का 72% हिस्सा इंडो वैगन इंजीनियरिंग लिमिटेड को बेच दिया। उपरोक्त शेयर की बिक्री के बाद बीबीजे के पास जेसीएल में 2558.01 लाख रुपये की हिस्सेदारी है । चूंकि जेसप एंड कंपनी का परिसमापन के अधीन है, इसलिए, 31.03.2021 को जेसोप एंड कंपनी लिमिटेड के इक्विटी शेयर में निवेश का बाजार मूल्य उपलब्ध नहीं रहने से इसे लागत पर मूल्यांकित किया गया है ।
3	कंपनी का एक संयुक्त उद्यम, भागीरथी ब्रिज कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ('बीबीसीसीएल') में प्रतिवेदन की तिथि को कंपनी द्वारा किये गये 0.30 लाख रु. (विगत वर्ष 0.30 लाख रु.) के निवेश के संबंध में टिप्पणी सं. 4 है । कंपनी के प्रबंधन द्वारा आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित ऐसे निवेश को लागत पर लिया गया है तथा निवेशों के मूल्य में कमी के लिए कोई प्रावधान 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है ।	सहायक कंपनियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यम के इक्विटी इन्सट्रूमेंट में दीर्घकालिक निवेश महत्वपूर्ण लेखा नीतियों पैरा – 17 (I)(5) के अनुपालन में कंपनी द्वारा लगातार अपनाई जाने वाली प्रथा के अनुसार लागत पर किया जाता है । इसके अलावा, बीबीसीसीएल संयुक्त उद्यम के उद्देश्य के पूरा होने के बाद अपनी बुनियाद खो देने से यह जेवीसी वस्तुतः निष्क्रिय है।

4	कंपनी की सहायक कंपनी की एक सहायिका, वेबर्ड इंडिया लिमिटेड ('डब्ल्यू आई एल') में प्रतिवेदन की तिथि को कंपनी द्वारा किए गए 656.03 लाख रु. (विगत वर्ष 656.03 लाख रु.) एवं उस पर प्राप्य / उपचित ब्याज 350.26 लाख रु. (विगत वर्ष 350.26 लाख रु.) के संबंध में टिप्पणी संख्या 6 है। यद्यपि बीपीएमईएल परिसमापन के अधीन है, कंपनी के प्रबंधन द्वारा आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित ऐसे निवेश को लागत पर लिया गया है। तदनुसार, निवेशों के मूल्य में कमी तथा उपचित ब्याज हेतु कोई हानि भत्ता 31 मार्च 2021को समाप्त वर्ष हेतु संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है।	सहायक कंपनियों के लिए भारत सरकार का ऋण निधि संबंधित सहायक कंपनियों को योजना और गैर-योजना ऋण का संवितरण कंपनी के माध्यम से किया जाता है। इस तरह के ऋण और ब्याज की गैर-वसूली की किसी भी स्थिति के मामले में सहाय कंपनी को संवितरित स्वीकृत ऋण को भारत सरकार के उचित निर्देशों के तहत कंपनी की पुस्तक में भारत सरकार को देय ऋण और ब्याज की समान राशि के साथ समायोजित किया जाएगा। इसलिए, इसका कंपनी के बहीखातों में कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा।
5	कंपनी की पूर्ववर्ती सहायक कंपनी, भारत वैगन एण्ड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ('बीडब्ल्यूईएल') में प्रतिवेदन की तिथि को कंपनी द्वारा 207.25 लाख रु. (विगत वर्ष 207.25 लाख रु.) के ऋृण के संबंध में टिप्पणी संख्या 6 है। कंपनी के प्रबंधन के आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित ऐसा ऋृण लागत पर लिया गया है। तदनुसार, निवेशों के मूल्य में कमी तथा उपचित ब्याज हेतु कोई हानि भत्ता 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु संलग्न वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया है। अगर उपर्युक्त अनुच्छेद 1, 2, 3, 4 एवं 5 में संदर्भित 1 अप्रैल 2016 को (भारतीय लेखा पद्धति) अथशेष को यथा विद्यमान कमी और हानि भत्ते को एकल वित्तीय विवरणों में विचार किया जाता तो 1 अप्रैल 2016 को अन्य इक्विटी का खुलना 13,229.74 लाख रु. के प्रतिवेदित आंकड़े के प्रति 30,617.71 लाख रु. नकारात्मक आंकड़ा होता और प्रतिवेदन की तारीख को अन्य इक्विटी 8702.01 लाख के प्रतिवेदित आंकड़े विरूद्ध 35,145.39 लाख रु. नकारात्मक आंकड़ा होता और निवेश व अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां क्रम से 3162.05 लाख रु. एवं 45065.03 लाख रु. प्रतिवेदित आंकड़े के विरूद्ध 117.27 लाख रु. एवं 4262.17 लाख रु. होते।	सहायक कंपनियों के लिए भारत सरकार का ऋण निधि संबंधित सहायक कंपनियों को योजना और गैर-योजना ऋण का संवितरण कंपनी के माध्यम से किया जाता है। इस तरह के ऋण की गैर-वसूली की किसी भी स्थिति के मामले में सहायक कंपनी को संवितरित स्वीकृत ऋण को भारत सरकार के उचित निर्देशों के तहत कंपनी की पुस्तक में भारत सरकार को देय ऋण और ब्याज की समान राशि के साथ समायोजित किया जाएगा। इसलिए, इसका कंपनी के बहीखातों में कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा। अलग से किसी टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह लेखापरीक्षकों द्वारा अपनी रिपोर्ट में बताई गई संबंधित अवलोकनों का अनिवार्य परिमाणीकरण है।
6	नोट नंबर 4, लगन जून मशीनरी कंपनी लिमिटेड में रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार कंपनी द्वारा किए गए 42.20 लाख रुपये (पिछले वर्ष 42.20 लाख रुपये) के निवेश के संबंध में, जिसका कंपनी के प्रबंधन द्वारा एफवीपीटीएल में मूल्यांकन किया गया है। हालांकि, हम उचित जानकारी और रिकॉर्ड की अनुपलब्धता के कारण ऐसे निवेशों के उचित मूल्य को सत्यापित करने में सक्षम नहीं हैं। कंपनी के प्रबंधन ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए संलग्न वित्तीय विवरणों में ऐसे निवेश के मूल्य में किसी प्रकार की हानि पर विचार नहीं किया है।	सहायक कंपनियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यम के इक्विटी इन्सट्रूमेंट में दीर्घकालिक निवेश महत्वपूर्ण लेखा नीतियों पैरा - 17(I)(5) के अनुपालन में कंपनी द्वारा लगातार अपनाई जाने वाली प्रथा के अनुसार लागत पर किया जाता है। लगन जूट मशीनरी कंपनी लिमिटेड में निवेश के मामले में इसका मूल्य भी लागत पर लगाया जाता है।

7	नोट 42 स्क्रैप और / या अनुपयोगी संयंत्र संपत्ति और उपकरण की गैर-पहचान के संबंध में जिसके लिए कंपनी के प्रबंधन ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए संलग्न वित्तीय विवरणों में ऐसी संयंत्र संपत्ति और उपकरण के मूल्य में कोई हानि नहीं माना है।	अनुपयोगी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और स्क्रैप की गैर-पहचान के संबंध में, कंपनी द्वारा अपनाई जाने वाली परिपाटी महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों पैरा-13 के अनुपालन पर आधारित हैं।
8	प्रचलित कानूनों के अधीन बिना अनुपालन के भारत सरकार को जेसप एण्ड कंपनी लिमिटेड (जेसप) के 6,81,34,428 इक्विटीशेयर विक्रय से प्राप्त 1818 लाख रु. की बिक्री आय के स्थानांतरण के संबंध में टिप्पणी संख्या 44 है। हम नतीजतन समयोजन पर मंतव्य करने में सक्षम नहीं हैं, जिसकी आवश्यकता उपर्युक्त मामले के संबंध में वित्तीय विवरण में अपेक्षित है।	अवलोकन की प्रकृति तथ्यात्मक है । तथापि, महत्वपूर्ण लेखांकन नीति पैरा-42 में आवश्यक प्रकटीकरण किया गया है।
9	अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियों में शामिल बयाना राशि और अन्य जमा राशियों के संबंध में नोट संख्या 46 - वर्तमान राशि रु. 45.14 लाख (पिछले वर्ष रु. 45.14 लाख) और संबंधित देय राशि रु. 40.78 लाख (पिछले वर्ष रु. 40.78 लाख), अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियों में शामिल अन्य अग्रिमों के संबंध में नोट संख्या 47 - वर्तमान राशि रू. 351.58 लाख (पिछले वर्ष रु. 385.76 लाख) और सरकार और सांविधिक प्राधिकारियों के पास शेष राशि में शामिल अन्य संपत्तियों के संबंध में नोट संख्या 48 – वर्तमान राशि 47.54 लाख रुपये (47.54 लाख रुपये) है जो इस तरह की राशि की वसूली के संबंध में किसी भी सबूत द्वारा समर्थित नहीं हैं। कंपनी के प्रबंधन ने 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों में ऐसी जमाराशियों के मूल्य में किसी प्रावधान या हानि पर विचार नहीं किया है। इसी तरह, व्यापार देय के संबंध में नोट संख्या 49 पर ध्यान आकर्षित किया जाता है - गैर-वर्तमान में 2900.04 लाख रुपये (पिछले वर्ष 2900.04 रुपये) शामिल हैं, जिसके मुकाबले पहले के वर्षों में माल और सेवाओं को प्राप्त किया गया था, जिसके लिए लेनदारों की पहचान नहीं की जा सकती है।	लेखापरीक्षा अवलोकन उपयुक्त अनुपालन के लिए नोट किया गया है।
10.	मालसूचियां के बारे में टिप्पणी संख्या 53 में कच्चे माल के अधीन 62.47 लाख रु. की पुराने और अनुपयोगी स्टॉक, भंडार पुर्जों एवं संघटकों के अधीन 2.78 लाख रु. जो 7 वर्षों से अधिक समय से पडे हुए हैं और खुले औजारों के अधीन 8.18 लाख रु. जो 9 वर्षों से अधिक समय से पडे हुए हैं, जिसके लिए बही खाते में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। वित्तीय विवरण पर जिसका प्रभाव निश्चेय योग्य एवं परिमाणात्मक नहीं हैं।	लेखा परीक्षकों को उनकी संतुष्टि के लिए आवश्यक स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया है। तथापि, अवलोकन आगे अनुपालन के लिए नोट किया गया है।

